Code No. **61/2/2**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 7 printed pages + 2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 23 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 23 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

HISTORY
इतिहास

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

*(i) Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*
*(ii) Answers to questions carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*
*(iii) Answers to questions carrying **5** marks should not exceed **100** words each.*
*(iv) Answers to questions carrying **8** marks should not exceed **250** words each.*
(v) Attach the maps with the answer scripts.

सामान्य निर्देश :

*(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।*
*(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*
(v) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

MODERN INDIA
आधुनिक भारत

1. Mention any two main provisions of the Mountbatten Plan of 3rd June 1947. 2

3 जून 1947 की माउंटबैटन योजना के किन्हीं दो मुख्य प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

2. Mention the views of Swami Dayanand for the cause of National Liberation. 2

राष्ट्रीय स्वतन्त्रता के विषय में स्वामी दयानन्द के विचारों का उल्लेख कीजिए।

3. State two achievements of the Moderates during the first twenty years of the National Movement of India. 2

भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रथम बीस वर्षों में उदारवादियों की दो उपलब्धियाँ बताइए।

4. Explain the reactions of the Indian National Congress leaders on the assassination of Curzon Wyllie, assistant of the Secretary of State, by Madan Lal Dhingra in England. 5

OR

Explain the revolutionary activities in Punjab and Delhi from 1905 to 1915 with special reference to Kisan movements and Delhi conspiracy case.

इंग्लैंड में मदन लाल धींगरा द्वारा, भारत सचिव के सहायक, कर्जन वाइली की हत्या पर भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेसी नेताओं की प्रतिक्रिया की व्याख्या कीजिए।

अथवा

1905 से 1915 के दौरान पंजाब और दिल्ली में क्रांन्तिकारी गतिविधियों की, किसान आन्दोलनों और दिल्ली पड्यंत्र केस को विशेष रूप से ध्यान में रखकर, व्याख्या कीजिए।

5. Explain briefly the life of Indian soldiers in India under the East India Company. 5

OR

Explain the role of Robert Clive and Mir Jafar in the Battle of Plassey in 1757 and its significance in the history of India.

ईस्ट इण्डिया कम्पनी के अंतर्गत भारत में भारतीय सैनिकों के जीवन की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

अथवा

1757 की प्लासी की लड़ाई में रोबर्ट क्लाइव व मीर जाफर की भूमिका की व्याख्या कीजिए तथा भारतीय इतिहास में इसकी महत्ता बताइए।

6. Describe the reforms of Tipu Sultan for the welfare of the people. 5

OR

Describe the reasons for the defeat of the Marathas in the Third Battle of Panipat (1761).

लोगों के कल्याण के लिए टीपू सुल्तान के सुधार कार्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

1761 के पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठाओं की पराजय के कारणों का वर्णन कीजिए।

7. Explain why did the Wahabi Movement gain prominence in India. 5

OR

Explain the factors behind the passing of the Vernacular Press Act of 1878.

भारत में वहाबी आन्दोलन को प्रमुखता क्यों मिली ? व्याख्या कीजिए।

अथवा

1878 के वर्नाकुलर प्रेस प्रेस अधिनियम को बनाने के पीछे जो कारक थे, उनकी व्याख्या कीजिए।

8. Explain two different views about the nature of the Revolt of 1857. 5

OR

Explain how the disunity among the Indians and lack of able leadership were responsible for the failure of the Revolt of 1857.

1857 के विद्रोह की प्रकृति सम्बन्धी दो भिन्न विचारधाराओं की व्याख्या कीजिए।

अथवा

भारतीयों में एकता की कमी तथा योग्य नेतृत्व का अभाव किस प्रकार 1857 के विद्रोह की विफलता के कारण बने ? व्याख्या कीजिए।

9. Describe the incident of Jallianwala Bagh massacre and the reactions of the people to it. 8

OR

Describe the programmes, methods and reactions of the people against the Government attitude towards Civil Disobedience Movement under the leadership of Mahatma Gandhi.

जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की घटना का वर्णन कीजिए तथा लोगों को इसके प्रति प्रतिक्रियाओं का भी वर्णन कीजिए।

अथवा

महात्मा गाँधी के नेतृत्व में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के कार्यक्रम, तरीके और इसके प्रति सरकारी रवैये के विरुद्ध लोगों की प्रतिक्रियाओं का वर्णन कीजिए।

10. Explain the contribution of Aurobindo Ghosh to the movement against the partition of Bengal in 1905 and in the field of education. 8

OR

Examine the efforts of Sir Syed Ahmad Khan in bringing about social and religious awakening in the Indian Muslim Society.

1905 के बंगाल विभाजन के विरुद्ध आन्दोलन में तथा शिक्षा के क्षेत्र में अरविन्द घोष के योगदान की व्याख्या कीजिए।

अथवा

भारतीय मुस्लिम समाज में सामाजिक व धार्मिक जागृति लाने में सर सैयद अहमद खाँ के प्रयासों की समीक्षा कीजिए।

11. Read the following statement made by Subhash Chandra Bose on the 'Nehru Report' while participating in the All Parties Conference carefully and answer the questions that follow :

"The main success of the Nehru Committee lay in having a solution to the vexed question of giving representation in the legislatures to the Hindus, Muslims and Sikhs in the proposed Constitution."

(i) Name any four members of the 'Nehru Committee' formed on 10th May 1928. 2

(ii) When was the 'Nehru Report' published ? 1

(iii) In which annual session of the Congress was this report unanimously adopted ? 1

(iv) Explain any four recommendations of this report. 4

OR

Examine the reasons behind the launching of the Khilafat Movement. In what way did this Movement contribute to the Indian Nationalist Movement ?

सर्व दल सम्मेलन में भाग लेते समय 'नेहरू रिपोर्ट' के संदर्भ में सुभाष चन्द्र बोस के निम्नलिखित कथन को ध्यानपूर्वक पढ़िए, और फिर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''नेहरू समिति' की सबसे बड़ी सफलता यह थी कि प्रस्तावित संविधान में विधान मंडलों के अन्दर हिन्दू, मुसलमान व सिक्खों के प्रतिनिधित्व के विवादास्पद प्रश्नों का समाधान था।''

(i) 10 मई 1928 को बनाई गई 'नेहरू समिति' के किन्हीं चार सदस्यों के नाम बताइए।

(ii) 'नेहरू रिपोर्ट' कब प्रकाशित की गई थी ?

(iii) काँग्रेस के किस वार्षिक अधिवेशन में इस रिपोर्ट को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया था ?

(iv) इस रिपोर्ट के कोई से चार सुझावों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

खिलाफत आन्दोलन के शुरू करने के पीछे के कारणों की समीक्षा कीजिए। भारतीय राष्ट्रवादी आन्दोलन में इस आन्दोलन का क्या योगदान था ?

12. On the given outline map of **India** (on page 9) locate and label three centres of the Revolt of 1857 in Northern India and two centres in Southern India. 5

OR

Locate and label the following places on the given outline map of **India** (on page 9) :

(i) Bardoli

(ii) Dandi

(iii) Amritsar

(iv) Chauri-Chaura

(v) Champaran

दिए गए **भारत** के रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) पर 1857 के विद्रोह के उत्तर भारत में तीन तथा दक्षिण भारत में दो केन्द्र दर्शाइए तथा नामांकित कीजिए।

अथवा

दिए गए **भारत** के रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए तथा नामांकित कीजिए:

(i) बारदौली

(ii) डाँडी

(iii) अमृतसर

(iv) चौरी-चौरा

(v) चम्पारन

Note : *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 12.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्र. सं. 12 के स्थान पर है।*

Write the names of three centres of Northern India and two centres of Southern India of the Revolt of 1857. 5

OR

Why are the following places important in the freedom struggle of India ?

(i) Bardoli
(ii) Dandi
(iii) Amritsar
(iv) Chauri-Chaura
(v) Champaran

1857 के विद्रोह के तीन उत्तर भारत के तथा दो दक्षिण भारत के केन्द्रों के नाम लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित स्थानों का भारतीय स्वतन्त्रता संघर्ष में क्या महत्त्व है ?

(i) बारदौली
(ii) डाँडी
(iii) अमृतसर
(iv) चौरी-चौरा
(v) चम्पारन

CONTEMPORARY WORLD HISTORY

समसामयिक विश्व इतिहास

13. Mention the process of harnessing solar energy and name any two solar heating devices. 2

सौर ऊर्जा को एकत्र करने की प्रक्रिया बताइए तथा उससे चालित किन्हीं दो उपकरणों के नाम लिखिए।

14. Mention two provisions of Lenin's New Economic Policy, after the Civil War in USSR. 2

सोवियत संघ में गृह युद्ध की समाप्ति पर लेनिन की नई आर्थिक नीति की दो व्यवस्थाओं का उल्लेख कीजिए।

15. How can we say that Saddam was a brutal dictator ? Give two examples. 2

हम यह कैसे कह सकते हैं कि सद्दाम एक नृशंस अधिनायक था ? दो उदाहरण दीजिए।

16. How does the greed and desire to become a super-power result in the negative use of science and technology ? Give two examples. 2

परम शक्तिमान बनने के लोभ और इच्छा के फलस्वरूप किस प्रकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी का नकारात्मक प्रयोग होता है ? इसके दो उदाहरण दीजिए।

17. Mention two steps taken by Sri Narayan Guru to end the domination of Brahmans in Kerala. 2

केरल में ब्राह्मणों के प्रभुत्व को समाप्त करने के लिए श्री नारायण गुरु ने क्या दो उपाय किए ?

18. Explain briefly the main objectives of the National Industrial Recovery Act of 1933 in USA. 2

सं. रा. अमेरिका के 1933 के राष्ट्रीय औद्योगिक पुनरुत्थान अधिनियम के मुख्य उद्देश्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

19. Describe the steps taken by Hitler to militarise Germany after becoming a supreme dictator. 5

OR

Describe briefly five such cases in which the League of Nations failed to do the needful.

सर्वोच्च अधिनायक बनने के पश्चात् हिटलर द्वारा जर्मनी के सैन्यीकरण की दिशा में उठाए गए कदमों का वर्णन कीजिए।

अथवा

ऐसे पाँच विवादों का वर्णन कीजिए जिनमें राष्ट्र-संघ अपना प्रभाव दिखा सकने में असफल रहा हो।

20. In what way did Nikita Khrushchev try to improve the economy and living conditions in the U.S.S.R. ? 5

OR

Explain the relations between the U.S.S.R. and China between 1950 and 1980.

निकिता ख्रुश्चेव ने सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था और जीवन स्तर को सुधारने के लिये क्या प्रयास किये ?

अथवा

1950 और 1980 के मध्य सोवियत संघ और चीन के बीच सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए।

21. Explain the general causes behind the outbreak of the First World War. 5

OR

Examine the circumstances which brought the First World War to an end.

प्रथम विश्व युद्ध के आरम्भ होने की पीछे सामान्य कारणों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों की समीक्षा कीजिए।

22. Explain aims and achievements of the U.N. 8

OR

Explain the shortcomings of NAM. Has it become irrelevant now ? Explain.

संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों व उपलब्धियों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

गुट-निरपेक्ष आन्दोलन की कमियों की व्याख्या कीजिए। क्या यह आन्दोलन अब अप्रासंगिक है ? स्पष्ट कीजिए।

23. Locate and label the following on the outline map of **Europe** (on page 11) during the Second World War : 5

Five areas occupied by Axis countries.

OR

Three neutral countries and two Allied countries.

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, **यूरोप** के रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) पर निम्नलिखित को दर्शाइए तथा नामांकित कीजिए :

धुरी राष्ट्रों द्वारा अधिकृत पाँच क्षेत्र

अथवा

तीन तटस्थ देश तथा दो मित्र देश

Note : *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 23.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्र. सं. 23 के स्थान पर है।*

Write names of five areas occupied by Axis powers during the Second World War.

OR

Write the names of three neutral countries and two Allied countries during the Second World War.


द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान धुरी राष्ट्रों द्वारा अधिकृत पाँच क्षेत्रों के नाम लिखिए।

अथवा

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तीन तटस्थ देशों के तथा दो मित्र देशों के नाम लिखिए।

For question no. 12

प्रश्न सं. 12 के लिए



©Government of India copyright 2001

For question no. 23

प्रश्न सं. 23 के लिए

